No. of Printed Pages : **11**

**ECO-14**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## June, 2016

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE
## ECO-14 : ACCOUNTANCY-II

*Time : 2 hours* | *Maximum Marks : 50*

*Weightage : 70%*

---

***Note :*** *Attempt any four questions including question no. 1 which is **compulsory**.*

---

01602

1. Attempt **any two** of the following questions : **7, 7**

   (a) Distinguish between the Sacrificing ratio and Gaining Ratio. What are the adjustments required at the time of retirement of a partner ?

   (b) What do you understand by redemption of debentures ? Describe the different ways in which debentures can be redeemed.

   (c) What is Analysis of Financial Statement ? Explain the techniques of comparative and common size financial statement used for the purpose.

   (d) Discuss stock and debtors system of Branch accounting with examples.

2. (a) Can a company forefeit shares for non-payment of calls ? If so, what is the procedure to be followed for forefeiture of shares ? **6, 6**

(b) How are inter-departmental transfer of goods treated in departmental accounts ?

3. (a) Explain the significance of Ratio Analysis in the financial decision making. **3**

(b) Following is the Profit and Loss Account and Balance Sheet of a company. **9**

**PROFIT AND LOSS ACCOUNT**

| Dr. | ₹ | Cr. | ₹ |
|---|---|---|---|
| To opening stock | 1,50,000 | By Sales | 10,00,000 |
| To purchases | 3,00,000 | By Closing stock | 2,50,000 |
| To Direct Wages | 2,00,000 | By Profit on sale of shares | 50,000 |
| To Manufacturing expenses | 1,00,000 | | |
| To Administration expenses | 50,000 | | |
| To Selling and distribution expenses | 50,000 | | |
| To Loss on sale of plant | 55,000 | | |
| To Interest on debentures | 10,000 | | |
| To Net profit | 3,85,000 | | |
| | 13,00,000 | | 13,00,000 |

**BALANCE SHEET**

| Liabilities | ₹ | Assets | ₹ |
|---|---|---|---|
| Equity share capital | 1,00,000 | Fixed assets | 2,50,000 |
| Preference share capital | 1,00,000 | Stock | 2,50,000 |
| Reserves | 1,00,000 | Sundry debtors | 1,00,000 |
| Debentures | 2,00,000 | Bank | 50,000 |
| Sundry creditors | 1,00,000 | | |
| Bills payable | 50,000 | | |
| | 6,50,000 | | 6,50,000 |

Calculate **any three** of the following ratios :

(a) Gross profit ratios.

(b) Current ratio

(c) Debt equity ratio.

(d) Stock turnover ratio.

(e) Liquidity ratio.

4. Poonam Limited issued a prospectus inviting applications for 6,000 shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share, payable as follows : **12**

| | |
|---|---|
| On application | ₹ 2 per share |
| On allotment | ₹ 5 per share (including premium) |
| On 1st call | ₹ 3 per share |
| On second and final call | ₹ 2 per share |

Applications were received for 9,000 shares and allotment was made pro rata to the applicants of 7,500 shares, the remaining applicants were refused allotment. Money overpaid on applications were applied towards sum due on allotment.

A, to whom 100 shares were allotted, failed to pay the allotment money and on his subsequent failure to pay the allotment money and on his subsequent failure to pay the first call, his shares were forfeited. B, the holder of 200 shares, failed to pay both the calls, and his shares were forfeited after the second and final call.

Of the shares forfeited, 200 shares were sold to C credited as fully paid up for ₹ 8.50 per share, the whole of A's shares being included.

Show Journal and Cash Book entries in the books of the company.

5. The following was the Balance Sheet of D, E and F who were equal partners, on 1st April, 2012. 12

| Liabilities | ₹ | Assets | ₹ |
|---|---|---|---|
| Bills Payable | 13,300 | Cash | 5,600 |
| Creditors | 16,000 | Debtors | 10,800 |
| Capital Accounts | | Stock | 41,400 |
| D | 36,800 | Furniture | 17,400 |
| E | 32,600 | Building | 49,500 |
| F | 26,000 | | |
| | 1,24,700 | | 1,24,700 |

They agreed to take H into partnership and give him a one-fourth share in the profits on the following terms :

(a) That H should bring in ₹ 9,000 for goodwill and ₹ 25,000 as capital.

(b) That Stock and Furniture be depreciated by 10 per cent.

(c) That a Provision of 5 per cent on Debtors be created for Doubtful Debts.

(d) That a liability for ₹ 1,580 be created against bills discounted.

(e) That the value of the building having appreciated, the Building should be valued at ₹ 62,000.

Give the entries necessary to give effect to the above arrangement, and prepare the opening Balance Sheet of the firm as newly constituted.

6. On 1st April 2009 Jolly Tourist Transport Co., took three cars of the cash sale price of ₹ 1,00,000 each on hire purchase system from Tata Motors Ltd. The terms of the hire purchase contract include a total cash down payment of ₹ 75,000 and the payment of the remaining cash price of the cars in three equal annual instalments together with interest @18% per annum on outstanding balance, the instalment with interest being payable on 31st March every year. **12**

First year dues were duly paid but thereafter the hire vendee failed. Consequently, Tata Motors Ltd. served notice for repossession of the cars. But after negotiation, Tata Motors Ltd. agreed to leave one car with the hire purchaser and adjust the value of the other two cars against the outstanding amount. Jolly Tourist Transport Co. provided depreciation at 20% per annum on diminishing balance but Tata Motors Ltd. took back the two cars, valuing them on the basis of 25% annual depreciation on straight line basis.

You are requested to prepare the necessary ledger accounts in the books of Jolly Tourist Transport Co. on the assumption that they close their books of account on 31st March every year.

---

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2016

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-14 : लेखाविधि-II

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

*कुल का : 70%*

---

**नोट :** ***किन्हीं चार*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिसमें प्रश्न संख्या 1 शामिल हो, क्योंकि यह* ***अनिवार्य*** *है।*

---

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखे : 7, 7

(a) त्याग अनुपात और लाभ अनुपात के बीच अंतर बताइए। एक साझेदार की सेवानिवृत्ति के समय पर क्या समायोजन आवश्यक होते हैं ?

(b) ऋणपत्रों के शोधन से आप क्या समझते हैं ? ऋणपत्रों के शोधन की विभिन्न विधियों का वर्णन करें।

(c) वित्तीय विवरणों के विश्लेषण से क्या तात्पर्य है ? इसकी तुलनात्मक एवं सामान्य आकार विवरण विधियों की व्याख्या कीजिए।

(d) ब्रांच लेखांकन की 'स्टॉक और देनदार प्रणाली, की उदाहरणसहित व्याख्या कीजिए।

2. (a) क्या एक कंपनी शेयर कॉलों का भुगतान न किए जाने पर शेयरों को जब्त कर सकती है? यदि हाँ, तो बताइए कि शेयर जब्ती की प्रक्रिया क्या है? 6, 6

(b) वस्तुओं को अंतर्विभागीय हस्तांतरण का लेखांकन कैसे किया जाता है? व्याख्या कीजिए।

3. (a) वित्तीय निर्णय लेने के लिए अनुपात विश्लेषण के महत्व की व्याख्या कीजिए। 3

(b) एक कंपनी का लाभ और हानि खाता तथा बैलेंस शीट निम्नलिखित है : 9

**लाभ और हानि खाता**

| Dr. | ₹ | Cr. | ₹ |
|---|---|---|---|
| ओपनिंग स्टॉक | 1,50,000 | विक्रय | 10,00,000 |
| क्रय | 3,00,000 | अंतिम स्टॉक | 2,50,000 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी (Direct) | 2,00,000 | शेयरों की बिक्री पर लाभ | 50,000 |
| विनिर्माणी व्यय | 1,00,000 | | |
| प्रशासन व्यय | 50,000 | | |
| बिक्री और वितरण व्यय | 50,000 | | |
| संयंत्र की बिक्री पर हानि | 55,000 | | |
| डिबेंचरों पर ब्याज | 10,000 | | |
| निवल लाभ | 3,85,000 | | |
| | 13,00,000 | | 13,00,000 |

**बैलेंस शीट**

| देयताएं | ₹ | परिसंपत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| इक्विटी शेयर | | अचल संपत्ति | 2,50,000 |
| पूंजी | 1,00,000 | | |
| पूर्वाधिकारी शेयर | | स्टॉक | 2,50,000 |
| पूंजी | 1,00,000 | | |
| रिजर्व | 1,00,000 | विविध देनदार | 1,00,000 |
| डिबेंचर | 2,00,000 | बैंक | 50,000 |
| विविध लेनदार | 1,00,000 | | |
| देय बिल | 50,000 | | |
| | 6,50,000 | | 6,50,000 |

निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** अनुपातों की गणना करें :

(a) सकल लाभ अनुपात

(b) चालू अनुपात

(c) ऋण ईक्विटी अनुपात

(d) स्टॉक आवर्त अनुपात

(e) तरलता अनुपात

**4.** पूनम लि. ने 6,000 शेयरों, प्रत्येक शेयर ₹ 10 का ₹ 2 प्रीमियम पर, के आवेदन आमंत्रित के लिए प्रविवरण जारी किया था, जो निम्न रूप से देय है : **12**

| | |
|---|---|
| आवेदन पर | ₹ 2 प्रति शेयर |
| आवंटन पर | ₹ 5 प्रति शेयर (प्रीमियम सहित) |
| पहली कॉल पर | ₹ 3 प्रति शेयर |
| दूसरी और अंतिम कॉल पर | ₹ 2 प्रति शेयर |

9,000 शेयरों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे और आनुपातिक आवंटन 7,500 शेयरों के आवेदकों को किया गया। शेष आवेदकों को आवंटन से इंकार कर दिया गया। आवंटित आवेदनों पर प्राप्त अधिक राशि को आवंटन पर देय राशि में समाशोधित कर दिया गया।

A, जिसको 100 शेयर आंवटित किए गए थे, आवंटन राशि का भुगतान करने में असफल रहा। आवंटन राशि का और उसके बाद पहली कॉल का भुगतान न करने पर उसके शेयर जब्त कर लिए गए। B, जो 200 शेयरों का धारक था, दोनों कॉलों की राशि का भुगतान करने में विफल रहा, और दूसरी और अंतिम कॉल के बाद उसके शेयर भी जब्त कर लिए गए। जब्त किए गए शेयरों में से C को 200 शेयर ₹ 8.50 प्रति शेयर के हिसाब से पूर्ण प्रदत्त बेच दिए गए। जिनमें A के सभी शेयर शामिल थे।

कंपनी की पुस्तकों में जर्नल और रोकड़ बही प्रविष्टियाँ दिखाए।

5. 1 अप्रैल 2012 को D, E, F जो बराबर भागीदार थे, उनकी बैलेंस शीट निम्नलिखित है : **12**

| देयताएं | ₹ | संपत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| देय बिल | 13,300 | नकद | 5,600 |
| लेनदार | 16,000 | देनदार | 10,800 |
| पूंजी खाते : | | स्टॉक | 41,400 |
| D | 36,800 | फर्नीचर | 17,400 |
| E | 32,600 | भवन | 49,500 |
| F | 26,000 | | |
| | 1,24,700 | | 1,24,700 |

वे निम्नलिखित शर्तों पर H को भागीदारी में लेने और उसको मुनाफे में एक चौथाई $\left(\frac{1}{4}\right)$ हिस्सा देने के लिए सहमत होते हैं :

(a) H ₹ 9,000 ख्याति और ₹ 25,000 पूंजी के रूप में लाएगा।

(b) स्टॉक और फर्नीचर पर 10% का मूल्यह्रास लगेगा।

(c) देनदार पर 5% का प्रावधान संदिग्ध ऋण के लिए बनाया जाय।

(d) डिस्काऊन्टेड बिलों के खिलाफ ₹ 1,580 का एक दायित्व बनाया जाएगा।

(e) भवन का मूल्य बढ़ा है। वह ₹ 62,000 पर मूल्यांकित किया गया।

उपरोक्त व्यवस्था को कार्यान्वित करने के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए तथा इस नयी फर्म की बैलेंस शीट (प्रारम्भिक) तैयार करें।

6. 1 अप्रैल 2009 को जॉली टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट कं. ने तीन कारें किराया खरीद प्रणाली से टाटा मोटर्स लि. से नकद ली/इनका बिक्री मूल्य ₹ 1,00,000 प्रति कार है। किराया अनुबंध की शर्तों में ₹ 75,000 कुल नकद भुगतान शामिल है और शेष नकद मूल्य 18% ब्याज (आउटस्टैंडिंग बैलेंस) के साथ तीन वार्षिक बराबर किश्तों में देना है। किश्तों को ब्याज के साथ प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को भुगतान किये जाने का प्रावधान है। **12**

पहले वर्ष में सभी भुगतान कर दिए गए और उसके बाद किराया क्रेता भुगतान करने में विफल रहा। टाटा मोटर्स कं. ने कारों को जब्त करने के लिए नोटिस जारी किया। वार्ता के बाद टाटा मोटर्स लि. किराया खरीदार के पास एक कार छोड़ने और बाकी दोनों कारों का मूल्य बकाया राशि से समायोजित करने के लिए तैयार हो गया। जॉली पर्यटन परिवहन कं. डिमिनिशिंग बैलेंस विधि से 20% सालाना मूल्यह्रास लगाता है। टाटा मोटर्स लि. दो कारों को वापस ले लेता है तथा उनका मूल्य सीधी रेखा विधि द्वारा 25% सालाना मूल्यह्रास के हिसाब से लगाता है।

जॉली टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट कं. की पुस्तकों में आवश्यक लेजर खाते बनाए। वे प्रतिवर्ष खातों को 31 मार्च को बनाते हैं।

---